नदी सूचना प्रणाली

बिजनेस स्टैण्डर्ड, (07 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में केन्द्रीय जहाजरानी, सड़क परिवहन और राजमार्ग, जल संसाधन, नदी विकास तथा गंगा संरक्षण मंत्री श्री नितिन गडकरी ने प्रयागराज में राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा नदी) पर 410 किलोमीटर लंबे फरक्का-पटना मार्ग के बीच नदी सूचना प्रणाली के दूसरे चरण का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर फरक्का में नेवीगेशन लॉक का शुभारंभ किया गया, जिससे गंगा में हिल्सा मछलियों के प्रजनन और नदी पारिस्थितिकी प्रणाली को संरक्षित करने में मद्द मिलेगी।

क्या है?

- नदी सूचना प्रणाली को लागू करने का उत्तरदायित्व भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) को दिया गया है जो कि जहाजरानी मंत्रालय के अधीनस्थ एक वैधानिक निकाय है।
- यह एक प्रकार की जहाज यातायात प्रबंधन प्रणाली है, जिसमें अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाता है।
- इससे मार्ग पर चलने वाले जहाजों और नदी किनारे बने आधार स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रॉनिक डाटा का तेज गति से आदान-प्रदान हो पाता है।
- इसकी मद्द से जहाजों के बीच टक्कर, जहाज और पुल के टकराने की घटनाओं को रोकने तथा जल परिवहन से जुड़ी सभी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मद्द मिलती है।
- यह प्रणाली यूरोप, चीन और अमरीका जैसे देशों में उन्नत जल परिवहन के लिए इस्तेमाल की जाती है।

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

- यह एक वैधानिक प्राधिकरण है जो 27 अक्टूबर, 1986 में अस्तित्व में आया था। यह भारत में जलमार्ग का काम देखता है।
- इसका मुख्यालय उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में स्थित है।
- यह जलमार्गों में आवश्यक निर्माण कार्य करता है।
- साथ ही नई परियोजनाएँ आर्थिक रूप से हाँथ में लेने लायक हैं या नहीं इसकी भी जाँच करता है।

डिजि सिविलिटी इंडेक्स

लाइव मिंट, पायनियर, (07 Feb.)

संदर्भ

- दुनिया की जानी-मानी आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 'सेफर इंटरनेट डे' पर तीसरा डिजिटल सिविलिटी इंडेक्स जारी किया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में ऑनलाइन शिष्टाचार (सिविलिटी) का स्तर बढ़ा है यानी इंटरनेट पर भारतीय अब तरीके से पेश आने लगे हैं।
- इस इंडेक्स के अनुसार भारत सहित पूरी दुनिया में इंटरनेट पर अब लोग सुलझे तरीके से व्यवहार कर रहे हैं।
- इसमें 18 से 34 साल के लोगों पर 22 देशों में किए गए सर्वे में भारत 7वें नंबर पर आया है।
- भारत का इंडेक्स जहां 59% था, वहीं ग्लोबल इंडेक्स 66% था।
- इस मामले में भारत ने अपनी स्थिति पहले के मुकाबले दो फीसदी ठीक की है।

भारत की स्थिति

- ऑनलाइन उत्पीड़न भारत में विश्व के अन्य देशों की तुलना में सबसे कम होता है। विश्व में जहां 18% प्रतिशत ऑनलाइन उत्पीड़न के मामले दर्ज होते हैं वहीं भारत में यह आंकड़ा महज 10% है।
- इसी प्रकार भारत में इन्टरनेट पर अभद्र भाषा का उपयोग करने वालों की संख्या 13% है जबकि बाकी विश्व में यह आंकड़ा 16% है।
- भारत में किसी व्यक्ति अथवा निजी जानकारी को सर्च करने का प्रतिशत महज 10% है जबकि बाकी विश्व में यह आंकड़ा 12% है।
- भारत में इन्टरनेट के माध्यम से होने वाले यौन उत्पीड़न की दर भी अन्य देशों के मुकाबले कम है। भारत में यह आंकड़ा 25% है जबकि बाकी विश्व में इसकी संख्या 30% है।
- विश्व भर में 18 वर्ष से अधिक 67% लोगों को ऑनलाइन रिस्क का सामना करना पड़ता है जबकि अवयस्क लोगों में यह आंकड़ा 62% है।

परमाणु टेक - 2019

लाइव मिंट, (07 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) द्वारा 'परमाणु टेक 2019' सम्मेलन आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा और विकिरण प्रौद्योगिकियों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।
- केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, जन शिकायतें और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने परमाणु टेक 2019 में मुख्य भाषण भी दिया।

मुख्य बिंदु

- विद्युत के धीरे-धीरे हट रहे अन्य स्रोतों को देखते हुए परमाणु ऊर्जा भविष्य में ऊर्जा का एक बड़ा और सस्ता स्रोत बनेगी।
- पिछले पांच वर्षों के दौरान सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक उपलब्धि यह है कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र हरियाणा के गोरखपुर सहित देश के अन्य हिस्सों में भी स्थापित हो रहे हैं।
- भारत ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में एक विशिष्ट स्थान हासिल किया है।

परमाणु टेक 2019 के प्रमुख सत्र

- **स्वास्थ्य सुरक्षा:** नाभिकीय औषधि तथा रेडिएशन थेरेपी - केयर टू क्योर।
- **भोजन संरक्षण, कृषि तथा औद्योगिक उपयोग:** खेत से कारखाने तक, पर्यावरण के लिए जिम्मेदारी निभाते हुए काम करना।
- इस सत्र में अन्य विषय थे - बीजों की गुणवत्ता बढ़ाना, पानी साफ करने की तकनीक, शहरी कचरे का निपटान, समुद्री किनारों की सफाई और औद्योगिक इकाईयों के लिए मानदंड स्थापित करना।
- **परमाणु उर्जा क्षेत्र में भारत की क्षमता का प्रदर्शन:** ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखना। आगामी मार्च से इसकी कार्यप्रणाली में शामिल विषय होंगे - जीसीएनईपी एवं भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम।

125वाँ संविधान संशोधन विधेयक

द हिन्दू, (08 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में भारत सरकार ने राज्यसभा में 125वाँ संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है।
- इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर भाग के छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों में कार्यरत 10 स्वायत्त परिषदों की वित्तीय और कार्यकारी शक्तियां बढ़ाना है।
- इस संशोधन का प्रभाव असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में रहने वाले एक करोड़ जनजातीय लोगों पर पड़ेगा।

मुख्य बिंदु

- विधेयक में चुनावी ग्रामीण परिषदों का प्रावधान किया गया है जिससे कि प्रजातंत्र निचले से निचले स्तर तक लागू हो सके।
- ग्रामीण परिषदें अब आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए इन विषयों से सम्बंधित योजनाएँ बना सकती हैं - कृषि, भूमि का उत्क्रमण, भूमि-सुधार का कार्यान्वयन, लघु-सिंचाई, जल प्रबंधन, पशुपालन, ग्रामीण विद्युतीकरण, लघु उद्योग एवं सामाजिक वानिकी।

- संशोधन के अनुसार वित्त आयोग इन ग्रामीण परिषदों के लिए वित्तीय आवंटन की अनुशंसा करेगा।
- ग्रामीण एवं शहरी परिषदों में कम-से-कम एक-तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित किये जाएँगे।



क्या है संविधान की छठी अनुसूची?

- असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों मे में स्वायत्तशासी जिलों का गठन किया गया है, लेकिन ये स्वायत्तशासी क्षेत्र राज्य के कार्यकारी प्राधिकार से बाहर नहीं हैं।
- राज्यपाल को स्वशासी जिलों को स्थापित या पुनर्स्थापित का अधिकार है। राज्यपाल स्वशासी क्षेत्रों की सीमा घटा या बढ़ा सकता है तथा नाम भी परिवर्तित कर सकता है।
- यदि स्वशासी जिले में विभिन्न जनजातियां हैं, तो राज्यपाल जिले को विभिन्न स्वशासी क्षेत्रों में विभाजित कर सकता है।

- प्रत्येक स्वशासी जिले के लिये एक जिला परिषद होगी, जिसमें तीस सदस्य होंगे। 26 सदस्यों का चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर किया जायेगा। शेष 4 सदस्य राज्यपाल द्वारा नामित किये जायेंगे।
- नामित सदस्य राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त बने रहेंगे, जबकि निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा।
- जिला व प्रादेशिक परिषदें अपने अधीन क्षेत्रों में जनजातियों के आपसी मामलों के निपटारे के लिये ग्राम परिषद् या न्यायालयों का गठन कर सकती हैं। वे अपील सुन सकती हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का निर्धारण राज्यपाल द्वारा किया जाता है।

अरुंधती योजना

बिजनेस स्टैण्डर्ड, (08 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में असम सरकार ने अरुंधती नामक एक नई योजना घोषित की, जिसका उद्देश्य विवाहित होने वाली कन्याओं को बिना मूल्य के सोना दिया जाएगा।

मुख्य बिंदु

- इस योजना का नाम प्रसिद्ध ऋषि वशिष्ठ की पत्नी अरुंधती पर रखा गया है।
- इस योजना के अंतर्गत असम के उन सभी समुदायों की बेटियों को विवाह के अवसर पर एक तोला सोना दिया जायेगा, जिनमें सोना देने की परिपाटी है।
- इस योजना के लिए सरकार ने 300 करोड़ रु. आवंटित कर दिए हैं।
- इस योजना का लाभ पाने वाली कन्या को विशेष विवाह (असम) नियम, 1954 के तहत विवाह का औपचारिक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- इस योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर उन परिवारों को मिलेगा, जिनकी वार्षिक आय 5 लाख रु. से कम है।
- अरुंधती योजना के माध्यम से सरकार उन पिताओं को सहायता पहुँचाना चाहती है जो अपनी बेटियों को स्वर्ण-आभूषण देने में असमर्थ हैं और जो ऐसे अवसरों पर ऋण लेकर उसके दुष्चक्र में फंस जाते हैं।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान

टाइम्स ऑफ इंडिया, बिजनेस स्टैण्डर्ड, (08 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का 8वां चरण शुरू कर दिया है।
- कृमि मुक्ति दिवस वर्ष में दो बार 10 फरवरी और 10 अगस्त को सभी राज्यों और संघशासित प्रदेशों में मनाया जाता है।

उद्देश्य

- इसका मुख्य उद्देश्य मिट्टी के संक्रमण से होने वाले एसटीएच रोग अर्थात् आंतों में परजीवी कृमि को खत्म करना है।

पृष्ठभूमि

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 14 वर्ष से कम आयु वाले 64% आबादी को कृमि संक्रमण का खतरा है। कृमि मुक्ति अभियान 2015 में शुरू किया गया था।

क्या है?

- कृमि मुक्ति अभियान कम लागत वाला एक ऐसा अभियान है, जिसके अंतर्गत करोड़ों बच्चों को कृमि से बचाव की सुरक्षित दवा अलबेंडेजौल दी जाती है। यह दवा वैश्विक स्तर पर कृमि निरोधक प्रभावी दवा मानी गई है।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

- इस कार्यक्रम के 8वें चरण में 30 राज्यों और संघशासित प्रदेशों में एक से 19 आयु वर्ग के 44 करोड़ बच्चों और किशोरों को लक्षित किया गया है।
- यह अभियान महिला और बाल विकास तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से चलाया गया है।
- फरवरी, 2015 में जहां 9 करोड़ कृमि की दवा दी गई, वहीं अगस्त 2018 में यह संख्या बढ़कर 22.69 करोड़ हो चुकी है।
- इस अभियान के तहत आम लोगों को खुले में शौच करने से कृमि संक्रमण के खतरों तथा उनमें साफ-सफाई की आदतों के प्रति जागरूक बनाया जाता है।

सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (GSP)

इकोनॉमिक टाइम्स, टाइम्स ऑफ इंडिया, टाइम्स नाउ, (08 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में विश्व की बड़ी अर्थव्यस्थाओं के साथ अमरीकी व्यापार घाटे को कम करने के लिए वचनबद्ध अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत से सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (GSP) वापस लेने की योजना बनाई है।
- 1970 के दशक से भारत इस योजना का सर्वाधिक लाभ उठाने वाला देश रहा है।

क्यों लिया गया यह निर्णय?

- हाल ही में भारत ने ई-वाणिज्य के बारे में नए नियम बनाए हैं जिनके कारण अमेजन और वॉलमार्ट (फ्लिपकार्ट) को भारत में ऑनलाइन बाजार में असुविधा हो गई है।
- भारत में ऑनलाइन का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक इसके 200 बिलियन डॉलर का हो जाने की संभावना है।
- दूसरी घटना यह है कि भारत वैश्विक कार्ड भुगतान कंपनियों, जैसे - मास्टर कार्ड और वीजा पर यह दबाव डाल रहा है कि वे अपना डाटा भारत में रखें।
- तीसरी घटना यह है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और स्मार्ट फोनों पर कर बढ़ा दिए गये हैं।

सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली क्या है?

- सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (GSP) अमेरिका का एक व्यापार कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत 129 विकासशील देशों से अमेरिका के अंदर आने वाले 4,800 उत्पादों पर कोई कर नहीं लगता है।
- यह प्रणाली विकासशील देशों में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई थी।

अन्य तथ्य

- सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली के हट जाने से भारत को आर्थिक धक्का पहुँच सकता है क्योंकि इस प्रणाली के अंतर्गत मिली छूट के कारण उसे अमेरिका को भेजे गये 5.6 बिलियन डॉलर के ऊपर कोई शुल्क नहीं देना पड़ता था।
- इस प्रणाली के तहत भारत कुल मिलाकर 1,937 उत्पाद अमेरिका को भेजा करता है।
- भारत अमेरिका के साथ व्यापार में 11वाँ सबसे बड़ा व्यापार-अधिशेष (2017-18 में 21 बिलियन डॉलर) वाला देश है।

अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक

द हिन्दू, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस, (08 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक में भारत आठ स्थानों की छलांग के साथ 36वें पायदान पर पहुंच गया है।
- इस साल 50 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में बौद्धिक संपदा की स्थिति का विश्लेषण किया गया है।
- वर्ष 2019 के इस सूचकांक में भारत ने आठ पायदान की छलांग लगाई है।
- इसे अमेरिकी चैंबर आफ कॉमर्स के वैश्विक नवोन्मेषण नीति केंद्र (जीआईपीसी) द्वारा तैयार किया जाता है।
- यह सूचकांक जीआईपीसी ने 45 संकेतकों पर तैयार किया है। इनमें पेटेंट, कॉपीराइट और व्यापार गोपनीयता का संरक्षण आदि शामिल हैं।

पिछले वर्ष में भारत की स्थिति

- भारत वर्ष 2018 में 44वें स्थान पर था।
- इसमें शामिल 50 देशों में भारत की स्थिति में सबसे ज्यादा सुधार आया है।
- वर्ष 2017 में भारत इस सूची में 45 देशों में 43वें स्थान पर था।

अन्य देशों की स्थिति

- इस सूचकांक में अमेरिका पहले, ब्रिटेन दूसरे, स्वीडन तीसरे और जर्मनी चौथे स्थान पर रहा है। ये देश पिछले साल भी इन्हीं स्थानों पर थे।
- चीन 25वें स्थान पर है।
- पाकिस्तान इस सूची में 47वें स्थान पर है।
- इस सूचकांक में वेनेजुएला अंतिम स्थान पर स्थित है।
- पिछले दो साल से अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने तुलनात्मक अध्ययन वाले देशों की संख्या बढ़ाकर 50 कर दी है।

क्या है?

- अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार सूचकांक अमेरिकी वाणिज्यिक संगठन 'यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित 'ग्लोबल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेंटर' द्वारा दिसंबर, 2012 से जारी किया जा रहा है।
- इसका मुख्य उद्देश्य अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में बौद्धिक संपदा अधिकारों का संरक्षण तथा इसके मानदंडों का बचाव और संवर्धन करना है।

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन

- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) संयुक्त राष्ट्र की 17 विशेष एजेंसियों में से एक है।
- इसकी स्थापना 1967 में रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी ताकि दुनिया भर में बौद्धिक संपदा की सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।
- इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।
- वर्तमान में 188 देश इस संगठन के सदस्य हैं।
- इसके अन्दर 26 अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ आती हैं।
- इससे कुछ ऐसे देश जुड़े हैं, जो संगठन के सदस्य नहीं हैं - मार्शल द्वीप समूह, माइक्रोनेशिया के संघीकृत राज्य, नौरू, पलाऊ, सोलोमन द्वीप समूह, दक्षिण सूडान और तिमोर-लेस्ते।
- फिलिस्तीन इसका पर्यवेक्षक सदस्य है।
- भारत इस संगठन का एक सदस्य है और इस संगठन द्वारा बनाई गई कई संधियों में इसकी भागीदारी है।

एशियाई सिंह संरक्षण परियोजना

इकोनॉमिक टाइम्स, द हिन्दू, (08 Feb.)

संदर्भ

- हाल ही में भारत सरकार और गुजरात सरकार ने मिलकर एशियाई सिंह संरक्षण परियोजना घोषित की है जिसमें 97.85 करोड़ रु. का व्यय संभावित है।

इस परियोजना के माध्यम से निम्नलिखित संरक्षण कार्य किये जाएँगे -

- सिंहों के निवास-स्थल को सुधारना
- वहाँ और अधिक जल-स्रोतों की व्यवस्था करना
- वन्य जीव अपराध कोषांग बनाना।
- वृहत्तर गिर क्षेत्र के लिए कार्यदल का गठन करना। विदित हो कि वृहत्तर गिर क्षेत्र में गिरनार के राष्ट्रीय उद्यान के अतिरिक्त गिरनार, पनिया और मिटियाला की आश्रयणियाँ भी आती हैं।

- जीपीएस पर आधारित अन्वेषण प्रणाली तैयार करना, जिससे पशुओं, वाहनों और सर्वेक्षण पर नजर रखी जा सके।
- एक स्वचालित सेंसर ग्रिड बनाया जाएगा, जिसमें चुम्बकीय मूवमेंट सेंसर के अतिरिक्त एक इन्फ्रारेड ताप सेंसर भी उपयोग में लाया जाएगा।
- एक ऐसा पशु विज्ञान संस्थान बनाया जाएगा जो केवल सिंहों के लिए ही होगा।
- सिंहों के लिए एम्बुलेंस और दवाओं के एक भंडार का भी संधारण किया जाएगा।

एशियाई सिंह

- एशियाई सिंह को IUCN की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त बताया गया है।
- इसकी संख्या भारत के गुजरात राज्य तक ही सीमित है।
- संरक्षण कार्यों के चलते इनकी संख्या 500 से अधिक हो गई है जबकि 1890 में यह संख्या मात्र 50 थी।
- 2015 की पशु गणना के अनुसार गिर सुरक्षित क्षेत्र में 523 एशियाई सिंह निवास करते हैं।

संबंधित प्रश्न (प्रारंभिक परीक्षा)

1. 'नदी सूचना प्रणाली' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. इस प्रणाली को भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा लागू किया गया।
2. यह एक प्रकार की जहाज यातायात प्रबंधन प्रणाली है, जिससे अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी का निर्माण किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. माइक्रोसॉफ्ट कंपनी द्वारा 'सेफर इंटरनेट डे' पर तीसरा डिजिटल सिविलिटी इंडेक्स जारी किया गया।
2. डिजिटल सिविलिटी इंडेक्स में 18 से 34 वर्ष के लोगों पर 22 देशों में किए गए सर्वे में भारत का स्थान साँतवा रहा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

3. 'परमाणु टेक-2019' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. इस सम्मेलन का आयोजन रक्षा मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा किया गया।
2. इस सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा और प्रौद्योगिकियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गयी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

4. '125वें संविधान संशोधन विधेयक' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. इस विधेयक का उद्देश्य पूर्वोत्तर भाग के छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों में कार्यरत 10 स्वायत्त परिषदों की वित्तीय और कार्यकारी शक्तियाँ बढ़ाना है।
2. इस संशोधन का प्रभाव असम, मणिपुर, नागालैण्ड और त्रिपुरा में रहने वाले जनजातीय लोगों पर पड़ेगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

5. निम्नलिखित में से 'अरूंधती योजना' के सन्दर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) इसकी शुरूआत असम सरकार द्वारा की गयी।

(b) इसके अंतर्गत विवाहित होने वाली कन्याओं को बिना मूल्य के सोना दिया जाएगा।

(c) इस योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मिलेगा, जिनकी वार्षिक आय 5 लाख रूपये से कम है।

(d) इनमें से कोई नहीं

6. 'राष्ट्रीय कृमि' मुक्ति अभियान' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इस अभियान का 8वां चरण शुरू किया गया।
2. इसका उद्देश्य मिट्टी के संक्रमण से होने वाले एसटीएच रोग को खत्म करना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली अमेरिका का एक व्यापार कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत 129 विकसित एवं विकासशील देशों से अमेरिका के अन्दर आने वाले 4800 उत्पादों पर कोई कर नहीं लगता है।
2. भारत अमेरिका के साथ व्यापार में 11वाँ सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष वाला देश है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

8. 'अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. वर्ष 2019 के इस सूचकांक में भारत का 36वां स्थान रहा।
2. इस सूचकांक में स्वीडन का स्थान पहला रहा।
3. यह सूचकांक जीआईपीसी ने 45 संकेतकों पर तैयार किया है, जिनमें पेटेंट, कॉपीराइट और व्यापार गोपनीयता का संरक्षण शामिल नहीं हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. एशियाई सिंह को आई.यू.सी.एन. की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त की श्रेणी में रखा गया है।
2. वर्तमान एशियाई शेर भारत के गुजरात राज्य तक ही सीमित हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

नोट : 6 फरवरी को दिए गए प्रारंभिक परीक्षा (संभावित प्रश्न) का उत्तर 1(b), 2(c), 3(b), 4(c), 5(b), 6(b), 7(c) होगा।